उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

100 मीटर दौड़ में शिवानी, हेमलता,धनेश्वरी प्रथम द्वितीय तृतीय रहे ।

August 30, 2023 / Editor

सुभाष पिमोली

थराली।

राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में मेजर ध्यानचंद को जंयती पर उनको याद करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र चंद्र सिंह सर्वप्रथम सभी को खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात उन्होंने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्राचार्य ने अपने व्याख्यान में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व को संवारने का सबसे सरल तथा सटीक तरीका है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में खेल तथा व्यायाम को जरूर शामिल करना चाहिए चाहे वह किसी भी उम्र के पड़ाव पर हो। खेल के द्वारा व्यक्ति अपने मनोभाव को व्यक्त कर सकता है और साथ ही अपने मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं को भी बढ़ा सकता है।

क्रीड़ा विभाग के संयोजक अनुज कुमार तथा सह-संयोजक रजनीश कुमार के सहयोग से इस अवसर पर क्रीड़ा विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में राहुल प्रथम, सूर्यांश द्वितीय तथा आदर्श तृतीय स्थान पर और छात्रा वर्ग में शिवानी प्रथम, हेमलता द्वितीय तथा धनेश्वरी तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में शिवानी प्रथम, अंजली द्वितीय तथा ऋतु तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में राहुल प्रथम, गिरीश द्वितीय तथा नीरज तृतीय स्थान पर और छात्रा वर्ग में हेमलता प्रथम, ऋतु द्वितीय तथा दिव्या तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य द्वारा सभी विजेताओं को बधाईयां दी गई।

कार्यक्रम के आयोजन में प्राध्यापक शंकर राम, डॉ संतोष पंत, मनोज कुमार, शंभू प्रसाद चमोली, दीपा देवी तथा छात्रों की ओर से बीरेंद्र गुसाईं, कृष्णा सिंह, शुभम देवराड़ी, मोहित गाड़िया, अभिषेक, दयाल राम, नवीन चंद का विशेष सहयोग रहा।